## महत्वपूर्ण एवं खास

### मां- बेटा से मारपीट करने वाले दो युवक के खिलाफ मामला दर्ज

**रायपुर, ।** कक्कड़ चौक कटोरातालाब के पास दो युवकों ने एक बुजुर्ग महिला व उसके पुत्र से गाली-गलौज कर मारपीट किए। प्रार्थिया की शिकायत पर सिविल लाईन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया सुशीला यादव पति स्व. सदाराम यादव 70 वर्ष कक्कड़ चौक कटोरातालाब की रहने वाली है। बताया जाता है कि कल रात आरोपी गन्नु एवं रवि यादव प्रार्थिया के घर आया और प्रार्थिया के पुत्र से मारपीट करने लगा। जिससे प्रार्थिया ने मना किया तो आरोपियों ने उसके साथ भी गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर सिविल लाईन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294,506,323,34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### संतरविदास वार्ड में पेयजल संकट, रहवासी हो रहे परेशान

**टैंकर से भी नहीं हो रही पानी की आपूर्ति**

**रायपुर, ।** बीरगांव नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 23 संतरविदास वार्ड में रहवासियों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से पेयजल संकट व्याप्त गया है। अनेकों बार जल विभाग को सूचित करने के बावजूद भी पेयजल आपूर्ति नहीं की जा रही है। ज्ञातव्य है कि भरी गर्मी में पेयजल स्तर भू-क्षेत्रों का घटने के चलते वैसे भी नगर पालिका क्षेत्र में पेय जल आपूर्ति प्रतिवर्ष कम की जाती है। किन्तु इस वर्ष टैंकर से भी पेयजल सप्लाई नहीं होने से लोगों को अच्छी खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। वार्ड क्रमांक 23 के रहवासियों ने वार्ड पार्षद, महापौर एवं आयुक्त से उपरोक्त क्षेत्र में तत्काल पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पेयजल विभाग के अधिकारी को निर्देश देने की मांग की है।

### कार की टक्कर से बाईक सवार महिला व बच्चाी घायल

**रायपुर, ।** पंडरी कपड़ा मार्केट गेट नंबर 7 के पास मारूति कार की टक्कर से बाईक सवार दंपत्ति व बच्ची को चोट आई है। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मनोज कुमार वर्मा पिता हरीचरण वर्मा 36 वर्ष अवंतिविहार तेलीबांधा का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल रात प्रार्थी अपनी बाईक क्रमांक सीजी 04 केटी 5666 में अपनी पत्नी नीतु वर्मा व बच्ची साक्षी वर्मा के साथ घर जा रहा था तभी पंडरी कपड़ा मार्केट के गेट नंबर 7 के पास मारूति कार क्रमांक सीजी 04 एचए 9122 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक को टक्कर मार दिया। जिससे प्रार्थी की पत्नी व बच्ची घायल हो गई। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### एनएसयूआई के स्थापना दिवस पर कोटा में फल वितरण

**रायपुर, ।** एनएसयूआई के स्थापना दिवस पर ज़िलाध्यक्ष प्रत्याशी राहुल सिंह ठाकुर के नेतृत्व में वार्ड क्रमांक 2 कोटा में बच्चों एवं बड़ों को फल वितरण कर कार्यकर्ताओं ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और उनके साथ हर मुशकिल वक्त में साथ रहने का वादा भी किया। फल वितरण कार्यक्रम में अभिषेक पाठक ,प्रनव शर्मा,आजाद वर्मा,केशव ठाकुर,कानहा ठाकुर,समन्वय दुबे आदि शामिल हुये।

### निगम ने खोले अस्थाई प्याऊ

**कोरबा ।** गर्मी के आगमन के साथ ही नगर निगम द्वारा अस्थाई रूप से प्याऊ संचालन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। बालको क्षेत्र एवं बांकीमोंगरा क्षेत्र में भी निगम द्वारा अस्थाई प्याऊ खोले गए, जबकि इसके पूर्व टी.पी.नगर क्षेत्र में प्याऊ स्थापित किया गया था। गर्मी के मौसम में राहगीरों को शुद्ध पेयजल के लिए भटकना न पड़े, उन्हें सुगम रूप में शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध हो, इसके मद्देनजर नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विभिन्न चौक चौराहों व प्रमुख स्थलों पर अस्थाई प्याऊ खोले जा रहे हैं। इसी कड़ी में बांकीमोंगरा व बालको क्षेत्र में अस्थाई प्याऊ खोले गए हैं। जबकि इसके पूर्व टी.पी.नगर चौक में अस्थाई प्याऊ प्रारंभ किया गया था। निगम द्वारा विभिन्न चिन्हांकित स्थलों पर अस्थाई प्याऊ खोले जाने की प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी। ताकि राहगीरों को गर्मी के इस मौके में शुद्ध व ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सके।

### यात्री बस और ट्रक में जोरदार भिड़ंत,15 से ज्यादा यात्री घायल

**धमतरी (आरएनएस)।** देर रात एक बस बुरी तरह से दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इस हादसे में 15 से ज्यादा यात्री घायल हो गया। घटना देर रात धमतर के नेशनल हाईवे में घटी, जब ट्रक और यात्री बस में जोरदार भिड़ंत हो गयी।टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस सीधे गड्ढे में जा गिरी।. खाई में गिरने से बस पर सवार करीब डेढ़ दर्जन लोग घायल हो गए, जिनको उपचार के लिए कुरूद और रायपुर अस्पलाल में भर्ती कराया गया है। घटना बीती रात कुरूद थाना इलाके के मरौद गांव के पास की बताई जा रही है । सोमवार की रात कांकेर ट्रेवल्स रायपुर से जगदलपुर के लिए निकली थी। जिसमे महिला पुरूष और बच्चे शामिल है।

# घर के भीतर भभकती आग में पत्नी और बहन जिंदा जलाने वाला हत्यारा पति गिरफ्तार

**o पति निकला आरोपी, घटना को अंजाम देकर फरार था परमेश्वर । o नवागढ़ थानांतर्गत ग्राम कटौद का मामला ।**

**जांजगीर-चांपा, (आरएनएस)।** नवागढ़ थानांतर्गत ग्राम कटौद में 2 अप्रैल की हुई दिल दहला देने वाली वारदात का खुलासा पुलिस करने जा रही है । एक घर में बहन और पत्नी जिंदा जलाकर मारने वाला आरोपी परमेश्वर को पुलिस ने आखिर गिरफ्तार कर लिया । घटना के बाद फरार होने के कारण आरोपी शक के दायरे में आ गया था तब से पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी । आरोपी से पूछताछ के दौरान काबुल कर लिया कि घटना को ओ खुद अंजाम दिया है। आग किसने लगाई है या वे खुद जले हैं। यह सस्पेंस बरकरार था ग्रामीणों का आरोप था कि अंर्तकलह के कारण घर के मुखिया परमेश्वर केंवट ने अपनी पत्नी और बहन को जिंदा जलाकर भाग निकला है। पुलिस ने भी परमेश्वर की फरारी को देखते हुए उसी पर आशंका व्यक्त कर आरोपी की तलाश कर रही थी। फरारी के दौरान उसका फोन भी बंद था जिसके कारण शंका और बढ़ गई थी।



**ये थी घटना**

नवागढ़ थानांतर्गत ग्राम कटौद में 2 अप्रैल की सुबह 5.30 बजे ग्रामीणों ने परमेश्वर केंवट (31) के घर अंदर आग की लपटें देखी। घर के अंदर परमेश्वर केंवट की पत्नी प्रमिला (25) बहन परमेश्वरी (30) जिंदा जल रहे थे। वहीं घर में परमेश्वर का मासूम पुत्र यमन केंवट (07) तमाशबीन बना रहा। उसके आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। घर के लोग आग बुझाने के लिए असफल प्रयास किए लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थी कि उसे बुझाना संभव नहीं था। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दमकल बुलाकर आग का काबू पाया। शव का पंचनामा कार्रवाई से पहले पुलिस ने मौके पर डाग स्क्वायड, एफएसएल की टीम बुलाई। एसडीओपी हेडक्वार्टर लकड़ा खुद मौके पर जांच कर रहे हैं। परिजनों का बयान दर्ज कर किये गए।

**ये था हत्या का कारण**

मिली जानकारी के अनुसार आरोपी का पत्नी किसी गैर आदमी से हमेशा मोबाइल में बात करता थी। जिसके कारण दोनों के बीच अक्सर झगडा होता था वही आरोपी अपने पत्नी पर चरित्र शंका करता था। वही अपनी बहन से कुछ पैसे का लेनदेन के कारण आपस मे वादविवाद होता था। जिसके कारण आरोपी घटना को अंजाम दिया।

**कैसे दिया घटना को अंजाम**

आरोपी परमेश्वर पहले अपने पत्नि को बिजली का करेंट देकर मारा फिर उसे बिस्तर में लिटा दिया उसके बाद अपने बहन को भी बिजली करेंट देकर मार दिया,फिर दोनों की शव को एक साथ लिटाकर आग लगा कर घर से फरार हो गया। वही अपने मोबाइल को भी बंद कर दिया। घटना की जानकारी जब आसपास के लोगो को हुई तो आग पर काबू करने की कोशिस की गई ,और घटना की जानकारी पुलिस को दी गई।

### भारत बंद राजधानी में बेअसर

**रायपुर, (आरएनएस)।** आरक्षण के विरोध में सामान्य वर्ग व सामाजिक संगठनों की ओर से आयोजित भारत बंद राजधानी में बेअसर रहा। सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानें एवं संस्थाएं खुली रही। इस दौरान बंद कराने निकले कुछ लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया।आरक्षण मुक्ति मोर्चा ने भारत बंद का आह्वान कर सभी व्यापारिक संगठनों व सामाजिक लोगों से सहयोग मांगा था। लेकिन राजधानी रायपुर में व्यापारियों संगठनों व सामाजिक लोगों का बंद को समर्थन नहीं मिला, जिसके चलते शहरभर में आज व्यापारिक प्रतिष्ठानें व संस्थाएं खुले रहे। हालांकि इधर पुलिस प्रशासन द्वारा बंद को देखते हुए शहरभर में जवानों को तैनात कर रखा था। जिसके चलते शहर में जनजीवन पुरी तरह सामान्य बना रहा। हालांकि आरक्षण मुक्ति मोर्चा के कई लोग बंद को सफल बनाने के लिए दुकानों को बंद कराने के लिए शहर में निकले थे, जिन्हें पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जा रहा मोर्चा के प्रमोद, गौतम, शशांक, सिद्धांत मिश्रा, वीरेंद्र शुक्ला सहित अन्य भारत माता चौक पर दुकानों को बंद करा रहे थे जिन्हें गिरफ्तार कर लिया। इसी क्रम में लाखेनगर इलाके में प्रदर्शन कर रहे लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

### नक्सलियों ने किया बीजापुर में ब्लास्ट

**दल्ली राजहरा ,(आरएनएस)।** सोमवार को बीजापुर के पास कुटरू मार्ग पर नक्सलियों ने जवानों से भरे वाहन को कायराना अंदाज में ब्लास्ट किया । लगभग तीस जवानों से भरे वाहन को ब्लास्ट करने से दो जवान मौके पर शहीद हो गए व 6 जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। शहीद हुए दो जवानों में से एक शहीद जवान लखन सिंह गावड़े समीपस्थ ग्राम पचेड़ा थाना / ब्लॉक डौण्डी ,जिला बालोद का रहने वाला था। शहीद जवान लवन सिंह गावड़े पिता रंजन सिंह गावड़े का जन्म 1 जुलाई 1979 को हुआ था। उनकी धर्मपत्नि का नाम संगीता गावड़े है। लवन सिंह दसवीं कक्षा तक की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात आरक्षक पद पर छत्तीसगढ़ पुलिस सेवा में जिला पुलिस बल बीजापुर में 09 अक्टूबर 2009 को भर्ती हुआ था। उनके पिता जी दल्ली राजहरा के 256 चौक के निवासी हें। शहीद लवन सिंह के बहनोई भी पुलिस विभाग में सेवारत है।

## जनसम्पर्क संचालनालय के 29 कर्मचारियों को मिली पदोन्नति

**रायपुर, (आरएनएस)।** जनसम्पर्क संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा आज यहां अपने 29 कर्मचारियों की पदोन्नति के आदेश जारी किए गए हैं। पदोन्नत कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह और संचालक जनसम्पर्क राजेश सुकुमार टोप्पो के प्रति आभार प्रकट किया है। संचालनालय द्वारा विभिन्न संवर्गो के इन कर्मचारियों की पदोन्नति के अलग-अलग जारी आदेशों के अनुसार ग्रेड-वन के 8 सूचना सहायकों को सहायक जनसम्पर्क अधिकारी के पद पर और ग्रेड-दो के सात सूचना सहायकों को सूचना सहायक ग्रेड-वन के पद पर पदोन्नत किया गया है। ग्रेड-वन के 8 सूचना सहायक, जिन्हें सहायक जनसम्पर्क अधिकारी पदोन्नत किया गया है, उनमें जनसम्पर्क संचालनालय रायपुर के सचिन शर्मा सहित जिला जनसम्पर्क कार्यालय जगदलपुर के अर्जुन प्रसाद पाण्डेय, जिला जनसम्पर्क कार्यालय रायपुर के विष्णु प्रसाद वर्मा, जिला जनसम्पर्क कार्यालय कोरबा के कमल ज्योति जाहिरे, जिला जनसम्पर्क कार्यालय दुर्ग के हेमलाल प्रभाकर, कांकेर के संत कुमार कच्छप, जिला जनसम्पर्क कार्यालय महासमुन्द के हेमनाथ सिदार और जिला जनसम्पर्क कार्यालय रायगढ़ की श्रीमती नूतन सिदार शामिल हैं। ग्रेड-दो के एक प्रचार सहायक और छह सूचना सहायकों को ग्रेड-वन के सूचना सहायक के पद पर पदोन्नत किया गया है। इनमें जनसम्पर्क संचालनालय के माखनलाल ध्रुव (प्रचार सहायक) और संचालनालय के ही सर्वश्री लल्लूदास मानिकपुरी, ओम प्रकाश डहरिया, अनिल कुमार वर्मा, अशोक कुमार चंद्रवंशी, जिला जनसम्पर्क कार्यालय राजनांदगांव के चंद्रेश कुमार ठाकुर और संचालनालय की कुमारी रचना मिश्रा शामिल हैं। जिला जनसम्पर्क कार्यालय दुर्ग के सिनेमा ऑपरेटर शरद कुमार सिंह को प्रचार सहायक ग्रेड-दो के पद पर पदोन्नत किया गया है।जनसम्पर्क संचालनालय के लेखापाल प्रेमशंकर पटेल को अधीक्षक के पद पर और शीघ्रलेखक ग्रेड-तीन श्रीमती नंदा दुपारे को निज सहायक के पद पर पदोन्नति दी गई है।

### रमन कैबिनेट की बैठक शुरू

**कई अहम विषयों पर चर्चा जारी, लिये जा सकते है कुछ नये फैसले**

**रायपुर, (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह की अध्यक्षता में मंत्रालय में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक चल रही है। बैठक में सभी मंत्रीगणों के अलावा मुख्य सचिव अजय सिंह अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी मौजूद है। बैठक में कई अहम विषयों पर चर्चा के साथ कुछ अहम फैसले भी लिये जा सकते है। समाचार लिखे जाने तक बैठक जारी है।

### युवक से मारपीट, जुर्म दर्ज

**रायपुर, (आरएनएस)।** अटारी रोड स्थित संत करता बाडी गैरेज के पास तीन युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किए। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजवीर सिंह पिता दारा सिंह 33 वर्ष वीर सावरकरनगर हीरापुर का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल सुबह प्रार्थी अटारी रोड स्थित संत करतार बॉडी गैरेज के पास खड़ा था ।

### ओवर लोडेड स्कूली ऑटो पर यातायात पुलिस का नियंत्रण नहीं, रोज हो रही दुर्घटनाएं

**रायपुर, (आरएनएस)।** निजी स्कूलों के बच्चें स्कूल से घर व घर से स्कूल लाने वाले आटो चालकों द्वारा ओवर लोडेड आटो चलाकर पैसा कमाने की लालच आए दिन दुर्घटनाओं का सबब बन रही है। सोमवार को आनंद नगर चौक में आटो पलटने की घटना से यह प्रमाणित हो गया है कि यातायात पुलिस कर्मियों का ओवर लोडेड आटो पर कोई नियंत्रण नहीं है। मोटर यान अधिनियम के तहत एक आटो में सिर्फ 6 सवारी बैठाने का प्रावधान है। बावजूद इसके आगे-पीछे 12-13 बच्चों को भरके आटो चालक स्कूली बच्चों की जान से खेल रहे है। ज्ञातव्य है कि निजी स्कूल प्रबंधनों द्वारा स्कूली बस का किराया अधिक होने के चलते ज्यादातर पालक अपने बच्चों को स्कूली आटो में भेजते है। वैन से टकराये आटो से सोमवार को कोई बड़ी दुर्घटना तो नहीं हुई लेकिन हालात ऐसे ही बने रहे तो प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता है। सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के अध्यक्ष एसडी शर्मा, केएल भार्गव, सचिव डॉ. आरएल गुप्ता एवं उपाध्यक्ष अर्चना श्रीवास्तव ने पुलिस अधीक्षक रायपुर से ओवर लोडेड स्कूली आटो चालकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग की है। वहीं एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने निजी स्कूल संचालकों से स्कूली बस की फीस कम किये जाने के लिए कलेक्टर से आग्रह किया है।



### विद्युत आपरेटर के घर हुई चोरी

**शहरों में बढ़ रही चोरी की घटनाएं**

**महासमुंद, (आरएनएस)।** पिछले तीन महीने में शहर में चोरी की वारदात बढ़ी है। एक के बाद एक घटना हो रही है। हाइवे पर दो-तीन दुकानों में चोरी के बाद अब पुलिस पेट्रोलिंग व गश्ती पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। फिर भी पुलिस एक्शन मूड में नहीं दिख रही है। पुलिस के अनुसार मौहारीभाठा निवासी कौशल प्रसाद साहू पिता ओगरा प्रसाद (31) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह परसवानी के बिजली विभाग के सब स्टेशन में ऑपरेटर के पद पर कार्य करता है। 7 अप्रैल की रात 07.50 बजे नाइट ड्यूटी पर था।



### नामदेव समाज निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन करेगा 15 को

**रायपुर, (आरएनएस)।** छग प्रांतीय अखंड ब्राम्हण समाज एवं नामदेव समाज युवा प्रकोष्ठ रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में होम्योपैथिक महाराणा प्रताप महाविद्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 15 अप्रैल रविवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे के मध्य नामदेव फटाका भंडार कर्मा चौक मैन रोड रामनगर रायपुर में आयोजित किया गया है। समाज के पदाधिकारी ने जानकारी देते हुये बताया कि निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में संजीवनी ग्रुप आफ चिकित्सक संघ के डा. योगेश तिवारी, डा. योगेश श्रीवास्तव , डा. विभूति शर्मा , डा. उमेश बालानी,डा. हिना परमार उपस्थित मरीजों को निःशुल्क परीक्षण के उपरांत आवश्यक मार्गदर्शन देंगे।

### लापता मासूम बच्चे का शव खदान में तैरते मिला

**रायपुर, (आरएनएस)।** संतोषीनगर से लापता एक मासूम बच्चा का शव मंगलवार की सुबह गिट्टी खदान में तैरते हुआ मिला। सूचना पर मौके में पहुंची टिकरापारा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक फरहान शेख 6 वर्ष गौसिया मस्जिद के पास संतोषीनगर का रहने वाला था। बताया जाता है कि कल दोपहर फरहान घर के बाहर खेल रहा था। उसके बाद से वह दिखा नहीं परिजनों ने आसपास खोजबीन की। जब कहीं पता नहीं चला तो परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मामले में पुलिस ने गुम इंसान का अपराध दर्ज कर पतासाजी किए। तभी मंगलवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली की संतोषीनगर स्थित गिट्टी खदान में एक बच्चे का शव तैर रहा है।

### रेलवे कर्मी से जमीन विक्रय के नाम पर 11.20 लाख की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, (आरएनएस)।** स्वामितत्व नहीं होने के बाद भी 3000 वर्गफुट की जमीन को तीन अलग-अलग लोगों को बेचकर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को खमतराई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले की खुलासा करते हुए एएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि प्रार्थी पी. चक्रधर राव पिता पी. चिन्नम नायडू 32 वर्ष निवासी रामेश्वर नगर भनपुरी ने कल लिखित शिकायत करते हुए अपने साथ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी स्वंय रेलवे विभाग में टेक्निशियन के पद पर डीआरएम कार्यालय में पदस्थ है। विभाग में ही पदस्थ उसके परिचित टी.श्री निवास रेड्डी से चर्चा में पता चला कि श्रीनिवास रेड्डी का परिचित आरोपी रमेश कुमार राव जमीन खरीदी-बिक्री का काम करता है। प्रार्थी ने रमेश कुमार राव से जमीन खरीदने की इच्छा जताई तो उसने प्रार्थी को गुढ़ियारी पटवारी हल्का नंबर 107-37 नेताजी कन्हैया लाल वार्ड क्रमांक 08 में श्रीनगर से गुढ़ियारी मार्ग में पैराडाईज होटल के पस एक परिवर्तित आवासीय भूखंड जिसका खसरा नंबर 63-19, 63-18, 63-20 का भाग रकबा 800 वर्गफुट प्लाट दिखाया। पसंद आने पर उक्त प्लाट को प्रार्थी ने अपनी पत्नी श्रीमती एच. कल्पना देवी के नाम पर 11 लाख 20 हजार रूपए में क्रय किया7 तथा दिनांक 15 जनवरी 2016 को उपपंजीयन कार्यालय रायपुर में पंजीयन कराया तथा 02 जून 2016 को पत्नी के नाम प्रमाणीकरण कराने के पश्चात बी-1 प्राप्त कर अपने प्लाट का बाउण्ड्रीवाल करवा लिया। दिनांक 27 जनवरी 2018 को किसी यू. लव कुमार पिता स्व. यू. रामलु निवासी चरोदा भिलाई के द्वारा उसी खसरे की भूमि का सीमांकन कराने तहसीलदार कार्यालय में आवेदन किया गया। इस पर प्रार्थी तथा उसके पड़ोस के हितेश कुमार शाह तथा आनंद कुमार को मौके पर उपस्थित होने का नोटिस मिला। तीनों निर्धारित तिथि को मौके पर उपस्थित हुए, तब पता चला कि जिस भूखंड को प्रार्थी और उसके दो अन्य पड़ोसियों ने क्रय किया है।



### विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**कोरबा (आरएनएस)।** बालको सेवानिवृत्त मैत्राी संघ बालको नगर कोरबा के द्वारा कल रविवार को द्वितीय राज्य स्तरीय वरिष्ठ नागरिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिला एवं सत्रा न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा श्री राकेश बिहारी घोरे, के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में विशेष न्यायाधीश श्री योगेश पारीक, एस्ट्रोसिटी एक्ट कोरबा के उक्त विधिक जागरूकता शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज में एक हीरे की तरह है, हमें उस हीरे को सहज के रखना चाहिये, वरिष्ठ नागरिकों के अनुभव से ही हमारा समाज आगे बढ़ेगा। यदि हर व्यक्ति वरिष्ठ नागरिकों का आदर सम्मान एवं देखभाल करें तो किसी भी वरिष्ठ नागरिकों को वृद्धाश्रम जाने की आवश्यकता नहीं होगी और न ही वृद्धाश्रम खोलने की आवश्यकता होगी। वरिष्ठ नागरिकों को संबोधित करते हुये श्री पारिख के द्वारा कहा गया कि यहॉ मौजूद ज्यादातर व्यक्ति सेवानिवृत्त कर्मचारी है ।